# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांकः उ0वि0शि0प0/सि0से0/निविदा संख्या-001/ 411 /2025-26 दिनांकः-18, जून, 2025

## ई-निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा सत्र **2025-26** के कक्षा **9** एवं **11** के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु ऑनलाइन प्रविधि से डाटा संग्रहण (संकलन) कार्य एवं हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष **2027** का कार्य एवं अन्य विविध कार्य हेतु ई-निविदा उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट www.uktenders.gov.in के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्रमांक | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अर्नेष्टमनी |
|---|---|---|---|
| 1 | सत्र **2025-26** के कक्षा **9** एवं **11** के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु ऑनलाइन प्रविधि से डाटा संग्रहण (संकलन) कार्य एवं हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष **2027** का आनलाईन कार्य एवं अन्य विविध कार्य | रु0 236=00 (कुल रु0 दो सौ छत्तीस) G.S.T. सहित | रुपया 100000=00 (एक लाख रूपये मात्र) |

(A) वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय — दिनांक 02 जुलाई, 2025 अपराह्न 05:00 बजे

(B) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हार्डकापी एवं नमूनों को जमा करने की तिथि व समय — दिनांक 03 जुलाई, 2025 पूर्वाह्न 10:30 बजे

(C) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय — दिनांक 03 जुलाई, 2025 पूर्वाह्न 10:45 बजे

(D) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि — दिनांक 03 जुलाई, 2025 पूर्वाह्न 10:45 बजे तकनीकी भाग का कार्य पूर्ण होने के पश्चात्।

**निविदा की प्रमुख शर्ते :-**

क – उक्त हेतु निविदाएं उत्तराखण्ड प्रदेश से बाहर के राज्यों से प्राप्त की जायेंगी।

ख – केवल वही फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है जिन्हें जिन्हें किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के परीक्षाफल निर्माण सम्बन्धी कम से कम 05 लाख परीक्षार्थियों का डाटा प्रोसेसिंग का कार्य करने का न्यूनतम तीन (03) वर्ष का अनुभव प्राप्त हो तथा इन फर्मों को ब्लैक लिस्टेड न किया गया हो। यह कार्य केवल उत्तरखण्ड प्रदेश से बाहर स्थित फर्मों को ही आवंटित किया जायेगा।

ग – वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हूबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्ड कापी भी सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदाएं अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्ड कापी पर प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। इसी प्रकार जो फर्म निर्धारित समयान्तर्गत निविदा की हार्ड कॉपी उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल में जमा नहीं करेगी उसकी वेबसाइट पर अपलोड निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

घ – फर्म को E.S.I.C.(Employee State Insurance Corporation)/P.F.(Provident Fund) से पंजीकृत होना आवश्यक है।

ङ – निविदा के साथ अर्नेस्ट-मनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/F.D.R. के रूप में सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से बंधक बनाकर प्रस्तुत करनी होगी।

च– निविदा की समस्त शर्तों को पूर्ण करने वाली M.S.M.E./N.S.I.C./S.S.I./D.I.C. से पंजीकृत होना अनिवार्य है। M.S.M.E./I.S.O. में पंजीकृत फर्मों को कार्यावंटन में वरीयता दी जायेगी।

छ– **निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 (जनपद नैनीताल) में देय हो जमा करना अनिवार्य है।**

ज– तकनीकी भाग के साथ निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट क्रमांक (छ) के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक रामनगर (नैनीताल) शाखा कोड़ 00701 में देय हो, संलग्न करना होगा। जिन फार्मों द्वारा पूर्व में निविदा प्रपत्र के शुल्क की धनराशि जमा की गयी है उन्हें पुनः निविदा प्रपत्र का शुल्क बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

झ– नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

ञ– जिन फर्मों के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मों की नियमानुसार वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

ट परिषद् के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

ठ – अन्य नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र पर अंकित हैं।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।

निविदा संख्याः— **001**

कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / सि0सेल / निविदा संख्या-001 / 411 / 2025-26 दिनांक 18, जून, 2025

## ई—निविदा

**सत्र 2025-26 के कक्षा 9 एवं 11 के छात्र—छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु ऑनलाइन प्रविधि से डाटा संग्रहण (संकलन) कार्य एवं हाईस्कूल—इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2027 का आनलाइन कार्य एवं अन्य विविध कार्य**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) की वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं की आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन किये जाने एवं इन विवरणों के आधार पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2027 का परीक्षाफल तैयार करने तथा वर्ष 2025-26 कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के नवप्रवेशी एवं कक्षा 10 व 12 के अपंजीकृत छात्र/छात्राओं के परीक्षा पूर्व अग्रिम पंजीकरण हेतु उनका डाटा ऑनलाइन प्रविधि से संग्रहीत कराये जाने तथा इन विवरणों के आधार पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2027 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षाफल तैयार करने एवं अन्य विविध कार्यों को सम्पादित करने हेतु ई—निविदा का प्रपत्र।

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) की वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) सम्प्रति सत्र 2025-26 में लगभग 2.50 लाख संस्थागत/व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं की आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन किये जाने और 10 एवं 12 स्तर पर अपंजीकृत छात्र/छात्राओं के परीक्षा पूर्व अग्रिम पंजीकरण हेतु उनका डाटा ऑनलाइन प्रविधि से संग्रहीत कराये जाने तथा इन विवरणों के आधार पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2027 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के लगभग 2.50 लाख संस्थागत/व्यक्तिगत नव प्रवेशी छात्र/छात्राओं का अग्रिम पंजीकरण कार्ड/नामावली तैयार करने एवं इन विवरणों के आधार पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2027 का परीक्षाफल तैयार करने सम्बन्धी कार्यों को सम्पादित किये जाने हेतु समुचित हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर की सुविधाओं से युक्त एवं ऑनलाइन डाटा कलेक्शन के क्षेत्र में कार्य करने वाली अत्यन्त उच्च तकनीकी क्षमता एवं दक्षता वाली फर्मों से **ई—निविदायें उत्तराखण्ड की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।** निविदादाता फर्म को किसी भी राज्य स्तरीय अथवा राष्ट्र स्तरीय मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्डों में इस प्रकार के कार्य करने का **कम से कम 3 वर्षों का कार्यानुभव होना आवश्यक है**।

यह कार्य एक निर्धारित समय सारिणी के अनुसार जो परिषद् की आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है, सम्पादित किया जायेगा। निविदादाता की ओर से किसी भी आकस्मिकता/असफलता की स्थिति में भी इस कार्य को निर्धारित समय सारिणी के अन्तर्गत ही सम्पन्न करना होगा। अतः ऐसी सक्षम फर्में ही निविदा में प्रतिभाग करें जो निविदा की शर्तों का पूर्णतया पालन करते हुये किसी भी प्रकार की आकस्मिकताओं की स्थिति में भी परिषद् द्वारा अनुदानित कार्यों को निर्धारित समय सारिणी के अन्तर्गत सफलतापूर्वक सम्पादित करने में सक्षम हों।

ई—निविदा की वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर पर निविदा की तकनीकी सूचना एवं वित्तीय सूचना निम्नानुसार दो भागों में अपडेट की जायेंगी :—

**(क). प्रथम भाग— तकनीकी सूचना एवं अन्य सामान्य सूचना (Technical Bid)** : इसके अन्तर्गत फर्मों को निविदा के अन्तिम पृष्ठ पर अंकित समस्त 19 प्रकार की तकनीकी सूचनायें, उपलब्ध हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर

एवं जनशक्ति आदि के साथ ऑनलाइन प्रविधि से कार्य करने हेतु आवश्यक समस्त तकनीकी सूचनायें, फर्म के पास उपलब्ध सम्बन्धित हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर एवं जनशक्ति, आदि विविध विषयों से सम्बन्धित सूचनायें देनी होंगी एवं उनसे सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्र तथा रुपये 1,00,000.00 की अर्नेस्टमनी की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट तथा निविदा प्रपत्र हेतु रु0 236.00 मूल्य के बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के नाम देय होगा, की स्वहस्ताक्षरित स्कैन कापी अपलोड करना होगा। निविदा प्रपत्र के मूल्य की धनराशि वापस नहीं की जायेगी।

**(ख). द्वितीय भाग– वित्तीय सूचना (Financial Bid)** : इसके अन्तर्गत फर्म को उपर्युक्त कार्यों हेतु निविदा में निर्धारित किये गये प्रारुप पर कार्य सम्पादित करने की प्रति–परीक्षार्थी दर अंकित करनी होगी।

**निविदा के तकनीकी एवं वित्तीय सूचनाओं से सम्बन्धित समस्त प्रपत्रों की गोपनीयता बनाये रखते हुए निविदादाता फर्मों द्वारा उन्हें दिनांक 02 जुलाई, 2025 के अपराह्न 05:00 के पूर्व तक ई–निविदा की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर अपलोड कर देना होगा।**

ई–निविदा के अन्तर्गत अपलोड हुए दस्तावेजों को विभाग द्वारा डाउनलोड करके कार्यवाही की जाती है। अतः निविदादाताओं से अपेक्षा है कि मांगी गयी **सभी सूचनाओं को कम से कम पेज में क्रमानुसार उन पर क्रम संख्या एवं हस्ताक्षर तथा मोहर अंकित करके ही अपलोड करें। मांगे गये दस्तावेजों के अतिरिक्त और कोई भी अन्य अनावश्यक दस्तावेज अपलोड न करे। उक्त तकनीकी एवं वित्तीय सूचनाओं की हार्डकापी के अलग–अलग सील बन्द लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रख कर उस पर मोटे अक्षरों में निविदा सख्या : 001** अंकित कर **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल को दिनांक 03 जुलाई, 2025 को पूर्वाह्न 10:30 तक प्राप्त कराना अनिवार्य होगा।** अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। तकनीकी सूचनाओं के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा अर्नेष्टमनी (ड्राफ्ट एंव एफ0डी0आर0) को मूल रूप में रखना अनिवार्य होगा। बिना निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा अर्नेष्टमनी के निविदा स्वीकार नही होगी।

**जो भी फर्म ई–निविदा की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदा अपलोड नही करेगी, उसकी हार्डकापी पर प्रस्तुत निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी। इसी प्रकार जो फर्म निर्धारित समयान्तर्गत निविदा की हार्ड कॉपी उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल में जमा नहीं करेगी उसकी वेबसाइट पर अपलोड निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी और इस संबंध में ऐसी फर्मों के प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय सभी निविदादाताओं को स्वीकार होगा।**

उक्त निविदा की **तकनीकी सूचनाओं को निविदादाता फर्मों के प्रतिनिधियों के समक्ष वेबसाइट से उसी दिनांक 03 जुलाई, 2025** को अपराह्न 10:45 बजे उपस्थित निविदादाताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष डाउनलोड किया जायेगा तथा उसकी तुलनात्मक तालिका तैयार कराई जायेगी। निविदा समिति द्वारा निविदादाता फर्मों की इन तकनीकी सूचनाओं का परीक्षण करने के उपरान्त निविदा की शर्तों के अनुरुप तकनीकी रुप से कार्यानुसार अर्ह पाई गयी फर्मों को सूचित करते हुए उनकी **वित्तीय सूचनाओं के विवरणों** को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष डाउनलोड किया जायेगा तथा उसकी तुलनात्मक तालिका तैयार कर दर निर्धारण की कार्यवाही की जायेगी।

# निविदा की प्रमुख शर्तें

- निविदादाता फर्म को किसी भी राज्य अथवा राष्ट्र स्तरीय मान्यता प्राप्त बोर्ड के हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट स्तर के छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन डाटा कलेक्शन कर प्री एवं पोस्ट परीक्षाओं के कार्यों को करने का कम से **कम तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।**
- उत्तराखण्ड प्रदेश की सीमा के अन्तर्गत स्थित फर्मों की निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। फर्म को पते के प्रमाण स्वरुप विद्युत देयक अथवा Rent Agreement (किरायानामा) प्रस्तुत करना होगा।
- इस कार्य के सम्पादन हेतु निविदादाता फर्म को M.S.M.E./N.S.I.C./S.S.I./D.I.C. से पंजीकृत होना अनिवार्य है। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संस्था (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा।
- फर्म को E.S.I.C.(Employee State Insurance Corporation) / P.F.(Provideut Fund) से पंजीकृत होना आवश्यक है।
- फर्म को निविदा के अंत में उल्लिखित समस्त प्रपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- परीक्षा कार्यों के लिये निविदादाता फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षों 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 अथवा 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 का औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रूपये दो करोड़ का होना चाहिये।
- फर्म को विगत तीन वर्षों का औसतन कम से कम 5.00 लाख परीक्षार्थियों की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के प्री एवं पोस्ट दोनों परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य किया हुआ होना चाहिये।
- इस कार्य/प्रक्रिया के संबंध में परिषद् द्वारा अधिकृत अन्य एजेन्सियों से प्राप्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन भी फर्म को करना होगा।
- निविदा की समस्त शर्तों को पूर्ण करने वाली एम0एस0एम0ई0/आई0एस0ओ0 में पंजीकृत फर्मों को कार्यावंटन में वरीयता दी जायेगी।

## वेबसाइट एवं सर्वर के सम्बन्ध में निर्देश

1. परीक्षा कार्य/अन्य विविध कार्यों हेतु वेबसाइट के बनाने एवं उसके निर्बाध संचालन एवं रखरखाव का दायित्व निविदादाता फर्म का होगा। आवेदन हेतु ऑनलाइन पंजीकरण हेतु बनाई जाने वाली वेबसाइट के डोमेननेम को परिषद् से अनुमोदित करा कर उसका रजिस्ट्रेशन, सिक्योरिटी ऑडिट एवं एस0एस0एल0 सर्टिफिकेशन आदि का कार्य निविदादाता फर्म को स्वयं के व्यय पर करना होगा।
2. **इन कार्यों** हेतु आवेदन–पत्र का फार्मेट आदि का निर्माण परिषद् के निर्देशानुसार निविदादाता फर्म **को करना होगा।**
3. **वेबसाइट के बनाने**, उसका सिक्योरिटी ऑडिट करने, एस0एस0एल0 सर्टिफिकेशन एवं उसके **निर्बाध** 24×7 संचालन एवं रखरखाव का दायित्व निविदादाता फर्म का होगा।
4. **फर्म को डेडिकेटेड सर्वर पर** डाटा के शत प्रतिशत सिक्योरिटी का प्रमाण पत्र परिषद् द्वारा मांगे **जाने पर प्रस्तुत** करना होगा।

5. कार्यावंटन के पश्चात ऑनलाइन साफ्टवेयर की सिक्योरिटी हेतु उसका भारत सरकार की CERT-IN या उसकी किसी एप्रूव्ड एजेन्सी से परिषद् की आवश्यकतानुसार परीक्षण एवं ऑडिट करना अनिवार्य होगा।
6. वेबसाइट में परिषद् की आवश्यकताओं के अनुसार समय समय पर परिवर्तन एवं परिवर्धन करना होगा।
7. फर्म द्वारा परिषद की वेबसाइट हेतु प्रयोग में लाया गया अत्यन्त उच्च क्षमता एवं दक्षता वाला सर्वर पूर्णतया परिषद् के लिये ही प्रयोग में लाया जायेगा अर्थात इसके लिये डेडिकेटेड सर्वर ही प्रयोग किया जायेगा।
8. डेडिकेटेड सर्वर पर इस प्रकार की व्यवस्था रखनी होगी कि यह निर्बाध रुप से 24×7 अपनी सम्पूर्ण क्षमता एवं दक्षता से कार्य करें। यह सर्वर एक समय में लगभग 60 हजार login hits एवं 5.00 लाख छात्र/छात्राओं के डाटा एवं उनके फोटो आदि को निर्बाध रुप से व्यवहरित करने में सक्षम होना चाहिये।
9. सर्वर पर डाटा की सिक्योरिटी अर्थात वह न तो किसी भॉति हैक हो सके अथवा न तो वह किसी भॉति करप्ट हो सके न तो किसी वायरस आदि से इनफेक्ट हो सके, इसके लिये निविदादाता फर्म को 100% प्रभावी एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। परिषद् का डाटा अत्यन्त ही महत्वपूर्ण, गोपनीय एवं संवेदनशील प्रकृति का डाटा होता है, अतः इसमें यदि किसी प्रकार की त्रुटि होती है तो यह सम्बन्धित फर्म की गम्भीर चूक मानी जायेगी तथा इसके लिये दण्डस्वरुप फर्म की जमानती धनराशि जब्त कर लेने तथा उसके सम्पूर्ण भुगतान को निरस्त कर देने का अधिकार सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् को होगा तथा इसके साथ ही साथ फर्म के विरुद्व अन्य विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। अतः फर्म को अपनी तकनीकी क्षमताओं एवं दक्षताओं का 100% उपयोग करते हुये इस प्रकार की प्रभावी एवं ठोस व्यवस्था करनी अनिवार्य होगी जिससे कि रिस्क फैक्टर बिल्कुल शून्य रहे तथा परिषद का डाटा भी पूर्णरुपेण शुद्ध एवं सुरक्षित रहे। डाटा की सुरक्षा के लिये यह भी आवश्यक होगा कि प्रतिदिन के आधार पर अपडेटेड डाटा का प्रतिदिन बैकअप लिया जाय तथा उसे परिषद् द्वारा मांगे जाने पर समय–समय पर उपलब्ध कराया जाय।
10. सर्वर में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर वैकल्पिक रुप से बैकअप के लिये कम से कम दो अन्य सर्वरों की व्यवस्था भी साथ ही रखनी अनिवार्य होगी। जिससे कि ऑनलाइन पंजीकरण की कार्यवाही में किसी प्रकार के व्यवधान की स्थिति उत्पन्न होने पर सम्पूर्ण डाटा आटोमैटिकली दूसरे सर्वर पर ट्रान्सफर हो जाये जिससे कि उपयोगकर्ताओं को पंजीकरण करने में एक क्षण के लिये भी व्यवधान की स्थिति का सामना न करना पड़े और डाटा भी सुरक्षित रहे।
11. निविदादाता फर्म द्वारा वेबसाइट के उपयोगकर्ताओं यथा– परिषद् कार्यालय, सभी 13 जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी, 95 खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा लगभग 3500 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिये ऑनलाइन पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में वेबसाइट के क्रियाशील रहने तक आने वाली किसी भी कठिनाई के निवारण के लिए प्रातः 9:00 बजे से सॉय 6:00 बजे के मध्य कम से कम तीन टेलीफोन लाइनों के माध्यम से एक हेल्प डेस्क की स्थापना करके सहायता उपलब्ध करानी होगी।
12. वेबसाइट के उपयोगकर्ताओं के उपयोग स्तर (लेवल) के अनुरुप निर्देशानुसार वेबसाइट पर आवश्यक व्यवस्था करनी होगी। इसके साथ ही साथ प्रारम्भिक स्तर पर सभी उपयोगकर्ताओं / विद्यालयों को वेबसाइट के प्रयोग के लिये अलग–अलग सुरक्षित आई0डी0 पासवर्ड उपलब्ध कराना होगा।

13. लॉगिन सुरक्षित बनाने के लिए यह आवश्यक होगा कि उपयोगकर्ता जितनी भी बार वेबसाइट पर लॉगिन करने जाये उतनी बार उसे वेबसाइट पर उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नं0 पर OTP (one time password) जनरेट करके भेजा जाये। इस OTP के द्वारा लॉगिन करने पर ही वेबसाइट खुलेगी।

14. विद्यालयों द्वारा अपलोड किये गये डाटा एवं फोटो आदि की फर्म द्वारा सतत् जॉच की जायेगी और किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उसे सुधारने हेतु अथवा परिषद् द्वारा विद्यालयों का ऑनलाइन डाटा के सम्बन्ध में किसी प्रकार की सूचना देने हेतु समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/मुख्य शिक्षा अधिकारियों को परिषद् की आवश्यकतानुसार एस0एम0एस0 एलर्ट (SMS Alert) भी उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नं0 पर भेजना होगा। जिसके लिये पृथक से कोई धनराशि देय नहीं होगी।

15. पासवर्ड सम्बन्धी किसी प्रकार की समस्या आने पर यदि उसे रिसेट करने की आवश्यकता पड़ती है तब सम्बन्धित उपयोगकर्ता को वेबसाइट पर उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नं0/ई0मेल आई0डी0 पर एस0एम0एस0 के माध्यम से नवीन/परिवर्तित पासवर्ड तत्काल उपलब्ध कराना होगा।

16. **फर्म को वे अन्य समस्त व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करनी होंगी जो वर्णित कार्य को करने हेतु आवश्यक हों, भले ही उनकी अंकना निविदा प्रपत्र में न हो पायी हो।**

17. **उक्त कार्यों हेतु विकसित की गयी वेबसाइट सहित सम्पूर्ण सिस्टम फ्लोचार्ट, प्रोग्राम, सॉफ्टवेयर एवं सम्बन्धित अन्य सॉफ्ट/हार्ड अभिलेख परिषद् की सम्पति होंगी तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत फर्म द्वारा इन्हें अनिवार्य रूप से परिषद् को उपलब्ध/हस्तगत कराना होगा।**

## वेबसाइट पर सम्पादित किये जाने वाले परीक्षार्थियों के पंजीकरण एवं उससे जुड़े हुये अन्य आनुषंगिक कार्य

1. परिषदीय परीक्षाओं के परीक्षाफलों को वेबसाइट पर उपलब्ध करना।
2. हाईस्कूल परीक्षा के परीक्षाओं की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के प्राप्तांकों को ऑनलाइन संग्रहीत करना।
3. ऑनलाइन डाटा वैलिडेशन के लिये परिषद् के कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के अग्रिम पंजीकरण डाटा एवं हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के डाटा को अपलोड करना एवं वैलिडेशन हेतु उनका उपयोग करना।
4. उक्त के साथ ही साथ परिषदीय आवश्यकताओं के अनुरुप अन्य विविध कार्य इस वेबसाइट के माध्यम से समय–समय पर सम्पादित करने होंगे। इस हेतु परिषदीय आवश्यकताओं के अनुरुप वेबसाइट डिजाइन करना उनका सम्यक संचालन करना निविदादाता फर्म का दायित्व होगा।

निविदादाता फर्म को ऑनलाइन प्राप्त हुये डाटा को समय समय पर डिस्प्ले करना एवं उन्हें समय समय अपडेट करने हेतु वेबसाइट को परिषद् के निर्देशानुसार संचालित करना होगा। इसके साथ ही साथ परिषद् के विभिन्न नियमों/निर्देशों/शासनादेशों एवं विभिन्न वर्षों के परीक्षाफलों आदि को भी इसी वेबसाइट पर डिस्प्ले करना होगा। उक्त क्रम 1 से 4 तक के कार्यों के साथ ही साथ निर्देशित अन्य किसी भी कार्य को वेबसाइट पर करने के लिये **फर्म को पृथक से कोई अतिरिक्त भुगतान देय न होगा।**

## निविदा की अन्य शर्तें

1- कोई भी ऐसी फर्म ई–निविदा प्रस्तुत न करें जिसके पास परिषदीय कार्यों के सम्पादनार्थ आवश्यक निर्धारित क्षमता के हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर तथा स्वयं की बैकअप सुविधा न हों।

2- निविदा प्रपत्र में उल्लेखित समस्त हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर निविदादाता फर्म के नाम से ही क्रय किये होने चाहिये।

3- निविदा में उल्लेखित समस्त हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर निविदादाता फर्म के निविदा में दिये गये पत्र व्यवहार पर ही स्थापित (Installed at the working site) होने आवश्यक हैं। जहां निविदा में वर्णित विविध कार्य सम्पादित कराये जायेंगे।

4- सम्पूर्ण सिस्टम फ्लोचार्ट, प्रोग्राम एवं सम्बन्धित अभिलेख परिषद् की सम्पत्ति होगी तथा कार्योपरान्त मांगे जाने पर परिषद् को उपलब्ध कराना होगा।

5- अन्तिम रुप से प्रोसेस किये हुये मास्टर डाटाबेस फाइल की सी0डी0 जिनमें पंजीकरण आवेदन पत्रों का सम्पूर्ण डाटा मौजूद होगा, परिषद् की सम्पत्ति होगी तथा कार्योपरान्त उसे परिषद् को हस्तगत कर देना होगा। तैयार कराये जाने वाली समस्त रिर्पोटों के लेआउट परिषद् द्वारा दिये जायेंगे।

6- नई फर्में निःशुल्क कम से कम 1000 परीक्षार्थियों के परीक्षाओं से सम्बन्धित किये जाने वाले समस्त कार्य का पाइलट रन (एस0टी0आर0) पूरा करेंगी, जिससे परिषद् द्वारा अपनी आवश्यकतानुसार वांछित, फर्म के सिस्टम की उपयोगिता एवं क्षमता/दक्षता की परख की जा सके। यह एस0टी0आर0 कार्य परिषद् के सन्तुष्टि के अनुरुप करना होगा। एस0टी0आर0 में उपर्युक्त कार्य विवरण के अन्तर्गत अंकित सभी कार्य सम्पादित करने होंगे। एस0टी0आर0 कार्य संतोषजनक न होने पर निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एस0टी0आर0 कार्य संतोषजनक ढंग से पूरा कर लेने के उपरान्त भी यह आवश्यक नहीं है कि सम्बन्धित फर्म को कार्य अनुदानित ही कर दिया जायेगा।

7- किसी प्रकार के डाटा की फर्म द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट/चेकलिस्ट को चेक करने एवं उनमें प्राप्त त्रुटियों का निराकरण करने अथवा संशोधित करने का दायित्व परिषद् का नहीं होगा, बल्कि निर्धारित समयावधि के अन्दर तैयार किये गये डाटाबेस की शत्–प्रतिशत् प्रभावी जांच करेंगे तथा उनके पूर्णतया शुद्ध व सही होने का तथा समस्त पंजीकरण/परीक्षा कार्यों की गोपनीयता बनाये रखने का प्रमाणपत्र परिषद् को उपलब्ध करायेंगे।

8- सभी कार्य ठेके के आधार पर करने होंगे। सिस्टम से सम्बन्धित किसी भी कार्य की जिम्मेदारी परिषद् पर नहीं होगी। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता फर्म की होगी।

9- यदि निविदादाता चाहें तो निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व अपने प्रतिनिधि द्वारा परिषद् की अग्रिम पंजीकरण/परीक्षा कार्य कराये जाने की कार्यविधि का सर्वेक्षण कर सकते हैं।

10- कार्य सम्पादन की अवधि में किसी भी समय यदि परिषद् सचिव यह अनुभव करते हैं कि किसी फर्म की कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है, या कार्य कुशलता यथेष्ट नहीं है तो वह फर्म से कार्य वापस ले सकते हैं तथा एक सप्ताह की लिखित नोटिस देकर इस कार्य को किसी अन्य फर्म को दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में परिषद् को हुई किसी भी प्रकार की क्षति की पूर्ति संबंधित फर्म को करनी होगी।

यहाँ यह विशेष रुप से उल्लेखनीय है कि परिषद् के जो भी कार्य निविदा द्वारा कम्प्यूटर फर्मों से कराये जाते हैं, वे अत्यन्त संवेदनशील प्रकृति के होते हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी त्रुटि होने पर भी उससे परिषद् की छवि पर बहुत ही गंभीर एवं प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः फर्मों द्वारा की जाने वाली त्रुटियों की गम्भीरता को देखते हुए दण्ड स्वरुप फर्म को उसके समस्त भुगतानों से वंचित करते हुए उसे भविष्य में कभी भी किसी भी प्रकार का कार्य अनुदानित न करने की कार्यवाही करते हुए उसे सदैव के लिये ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है।

11- परिषद् द्वारा सप्लाई की गई स्टेशनरी का उपयोग गलत ढंग से किये जाने अथवा विनिष्ट किये जाने अथवा चोरी या खो जाने अथवा समुचित लेखा जोखा न रखे जाने की स्थिति में क्षतिपूर्ति स्वरुप ऐसी स्टेशनरी की सचिव द्वारा निर्धारित धनराशि संबंधित फर्म/ठेकेदार को देनी होगी।

12- फर्म/ठेकेदार आउटपुट रिपोर्ट में किसी प्रकार की भूलचूक, अपूर्णता अथवा त्रुटि के कारण हुई हानि के प्रति राज्यपाल तथा परिषद् को पूर्णतया क्षतिपूर्ति करेगा।

13- किसी अन्य उपाय के प्रति बिना किसी पक्षपात के उत्तराखण्ड शासन के शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के निर्णय के प्रति अंतिम रुप से लिया गया निर्णय फर्म/ठेकेदार को स्वीकार होगा। राज्यपाल महोदय ठेकेदार से राजस्व के अवशेष सम्बन्धित सभी देय धनराशि की वसूली कर सकते हैं।

14- एक ही प्रोपराइटर/ओनर वाली अथवा एक ही कामन सदस्य वाली फर्मों की यदि कई निविदायें प्राप्त होती हैं तो उनमें से केवल एक ही फर्म की निविदा पर विचार किया जायेगा।

15- निविदा में उल्लेखित कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं गोपनीय प्रकृति के हैं अस्तु इसको दृष्टिगत रखते हुए कार्यावंटन के लिये सचिव उ0वि0शि0प0 का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।

16- **उक्त वर्णित कार्य संतोषजनक ढंग से पूर्ण किये जाने पर परिषद् द्वारा आगामी वर्षों की परीक्षा एवं उक्त अन्य कार्यों के सम्पादन हेतु कार्य, इस निविदा हेतु स्वीकृत दरों के आधार पर चयनित फर्म को दिया जा सकता है,** परंतु इस हेतु फर्म को अपनी सहमति प्रदान करते हुये परिषद् के साथ पृथक से अनुबन्ध करना होगा।

17- **निविदादाता मांगी गयी निम्नांकित सभी सूचनाओं को मुद्रित कराकर उपलब्ध करायें:**

**A. निविदादाता फर्म का संगठनात्मक विवरण :-**

1. कम्प्यूटर फर्म का नाम एवं पूरा पता, फोन नम्बर, ई0मेल पता, एवं वेबसाइट।
2. फर्म की स्थापना की तिथि एवं वर्ष।
3. फर्म का प्रकार Proprietor /Partnership / Private or Public Limited Company.
4. फर्म/कम्पनी का स्वामित्व प्रमाण-पत्र तथा पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करें।
5. गत वर्ष का कुल टर्न ओवर।
6. फर्म/कम्पनी का मुख्य व्यवसाय एवं अन्य व्यवसाय।

**B. निविदादाता फर्म की जनशक्ति का विवरण :-**

1. सिस्टम एनालिस्ट की संख्या (1) रेगुलर (2) पार्ट टाइम।
2. कम्प्यूटर प्रोग्रामर की संख्या (1) रेगुलर (2) पार्ट टाइम।
3. डाटा इंट्री आपरेटरों एवं अन्य टेक्निकल स्टाफ की संख्या (1) रेगुलर (2) पार्ट टाइम
   क्र0सं0 1, 2, 3 की पुष्टि हेतु प्रमाणित स्टाफ लिस्ट जिसमें कर्मचारियों का नाम, उनका पदनाम, तकनीकी योग्यता, नियुक्ति की तिथि, का विवरण अंकित हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4. आकस्मिकताओं की स्थिति में क्या संस्था अपने स्वयं के साधनों से पंजीकरण/परीक्षा कार्यों को सम्पादित करने में सक्षम है, हां/नहीं ?

C. फर्म की कम्प्यूटर हार्डवेयर सुविधायें :–

1. कम्प्यूटर सिस्टम तथा उसका विवरण, उनकी संख्या तथा मेक/माडल।
2. O.M.R./ICR Scanners की संख्या एवं स्पीड।
3. निम्नांकित प्रिन्टर्स की अलग–अलग संख्या और उनकी कुल स्पीड
   (a) लाईन प्रिन्टर
   (b) लेजर प्रिन्टर
4. सर्वर की संख्या एवं उनकी कुल स्टोरेज क्षमता।
5. ए0डी0एफ0 स्कैनर की कुल संख्या, एवं कुल स्पीड (PPM) में।

<u>किये जाने वाले कार्यों का विवरण</u>

1. कक्षा 09 एवं कक्षा 11 हेतु अग्रिम पंजीकरण कार्य के अन्तर्गत सम्पादित किये जाने वाले प्रमुख कार्य निम्नवत् हैं:–
   a. छात्र–छात्राओं का ऑन–लाइन डाटा संग्रहण (संकलन) करना।
   b. Online Data की चेकलिस्ट तैयार करना।
   c. प्राप्त त्रुटियों के अनुसार चेकलिस्ट संशोधित करना।
   d. विद्यालयवार नामावली (नोमिनल रोल) एवं फोटोयुक्त पंजीकरण कार्ड मुद्रित करना।

**उक्त सभी कार्यों (नामावली एवं पंजीकरण कार्ड) को सम्पादित करने हेतु समस्त प्रकार की प्लेन स्टेशनरी एवं प्रीप्रिंटेड स्टेशनरी की व्यवस्था फर्म को स्वयं अपने स्तर से करनी होगी एवं मुद्रित सामग्री विद्यालयवार परिषद् कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।**

2- कक्षा 10 एवं कक्षा 12 परीक्षा कार्य के अन्तर्गत सम्पादित किये जाने वाले प्रमुख कार्य निम्नवत् हैं:–

**a.** छात्र–छात्राओं का ऑन–लाइन डाटा संग्रहण (संकलन) करना।
**b.** नामावली में विद्यालयों से प्राप्त संशोधनों से मास्टर डाटा फाइल अपडेट करना।
**c.** परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रवार अनुक्रमांक आवंटित करना।
**d.** परीक्षा केन्द्र सूची/संख्या सूचक चक्र/नामिनल रोल/एवार्ड ब्लैंक/फोटोयुक्त प्रवेश पत्र/फोटोयुक्त उपस्थिति पत्रक/डेस्क स्लिप मुद्रित करना।
**e.** कक्षा 10 परीक्षा के प्रयोगात्मक एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑन–लाइन प्राप्त करना।
**f.** पूरित एवार्ड ब्लैंक से अंकों की मास्टर डाटा फाइल तैयार करना, उसकी चेकलिस्ट तथा एडिट लिस्ट मुद्रित करना।
**g.** परीक्षाफल तैयार करना
**h.** परीक्षाफल की सी0डी0 तैयार करना, अंक विवरणिका तथा फोटोयुक्त प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र मुद्रित करना।
**i.** समय–समय पर वांछित अन्य विभिन्न प्रकार की रिपोर्टों को मुद्रित करना।

**सभी कार्यों को सम्पादित करने हेतु समस्त प्रकार की प्लेन स्टेशनरी एवं प्रीप्रिंटेड स्टेशनरी यथा एवार्ड ब्लैंक, संख्या सूचक चक्र, उपस्थिति पत्रक, प्रवेश पत्र, डेस्क स्लिप आदि की व्यवस्था फर्म को स्वयं अपने स्तर से करनी होगी। शेष अन्य प्रीप्रिंटेड स्टेशनरी यथा अंकपत्र, प्रमाणपत्र तथा टी0आर0 की स्टेशनरी परिषद् द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। इन सभी को विद्यालयवार परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।**

3-प्रदेश के शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों, प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक आदि का विवरण परिषद् द्वारा दिये गये निर्धारित प्रारूप में विद्यालयों से आनलाइन प्राप्त करना। प्राप्त अध्यापक डाटा के आधार पर विभिन्न रिपोर्टस तैयार करना। इस हेतु प्रयुक्त स्टेशनरी की व्यवस्था फर्म के द्वारा की जायेगी।

**ट्रान्सपोर्टेशन** – निविदादाता फर्म को अनुदानित कार्यों से सम्बन्धित समस्त इनपुट एवं आउटपुट रिपोर्टों, सामग्री आदि को स्वयं के व्यय पर परिषद कार्यालय के सम्बन्धित अनुभागों से लेना एवं सम्बन्धित अनुभागों को उपलब्ध कराना होगा।

**अग्रिम पंजीकरण एवं हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा से संबंधित कार्यों का विवरण एवं समयावधि**

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| | **1- कक्षा 09 एवं कक्षा 11 में पंजीकरण कार्य** | |
| 1 | प्रत्येक परीक्षार्थी का डाटा ऑन–लाइन संकलित करना | सितम्बर/अक्टूबर |
| 2 | प्रत्येक परीक्षार्थी के संकलित डाटा का मास्टर टेप तैयार करना एवं नामावली ऑन–लाइन संशोधन हेतु ऑन–लाइन उपलब्ध कराना | नवम्बर |
| 3 | संशोधन के पश्चात प्रत्येक परीक्षार्थी का डाटा अपडेट करने के पश्चात नामावली सूची (दो प्रतियों) एवं फोटोयुक्त पंजीकरण कार्ड मुद्रित कर विद्यालयवार उपलब्ध कराना | नवम्बर–दिसम्बर |
| | **2.1. कक्षा 10 एवं कक्षा 12 हेतु परीक्षा पूर्व कार्य** | |
| 1 | परीक्षार्थियों का ऑन–लाइन संकलित कर डाटा फाइल तैयार करना। | जुलाई/अगस्त |
| 2 | तीन पार्ट स्टेशनरी में विद्यालयवार तथा केन्द्रवार परीक्षार्थियों की नामावली तैयार करना एवं अनुक्रमांक निर्धारित करना। | नवम्बर, प्रथम सप्ताह |
| 3 | केन्द्र/विद्यालयवार/अनुक्रमांक श्रृखला तैयार करना। | नवम्बर |
| 4 | विद्यालय एवं विषयवार संख्या सूचक चक्र तथा केन्द्रवार व प्रश्न–पत्रवार संख्या सूचक चक्र तैयार करना। (N.R.) | दिसम्बर |
| 5 | प्रयोगात्मक परीक्षकों द्वारा अंक चढ़ाने हेतु प्रयोगात्मक विषय के प्रश्न–पत्रवार एवार्ड तैयार करना। | दिसम्बर |
| 6 | परीक्षापूर्व एवं परीक्षोत्तर कार्यावधि के बीच नामावली फाइल को अपडेट करने के पश्चात् नामावली सूची का एक अतिरिक्त रन तैयार कर मुद्रित करना। परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र, उपस्थिति पत्रक एवं डेस्क स्लिप आदि का मुद्रण। | दिसम्बर |
| 7 | लिखित परीक्षा के परीक्षकों द्वारा अंक चढ़ाने हेतु प्रत्येक विषय के प्रश्न–पत्रवार एवार्ड ब्लैंक तैयार करना। | दिसम्बर |

| 2.2. कक्षा 10 एवं कक्षा 12 हेतु परीक्षोत्तर कार्य | | |
|---|---|---|
| 1 | एवार्ड ब्लैंक एवं अन्य कार्ड कोडो के आधार पर परीक्षाफल तैयार करना। | अप्रैल |
| 2 | प्रत्येक परीक्षार्थी के अंकपत्र/प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र परीक्षार्थियों की फोटो सहित तैयार करना। | अप्रैल/मई |
| 3 | विभिन्न प्रकार के ऑकड़ों की सूचियॉ तथा रिपोर्ट तैयार करना। | मई |
| 4 | समाचार पत्रों के प्रकाशनार्थ परीक्षाफल की प्रेस सूची एवं इण्टरनेट पर दिये जाने वाले परीक्षाफल की सी0डी0 तैयार करना। | मई |
| 5 | सचिव द्वारा निर्दिष्ट प्रकरणों के प्रमाण–पत्रों को पुर्नमुद्रित करना। | मई से दिसम्बर तक |
| **3. अध्यापकों का ऑनलाइन डाटा संग्रहण (संकलन)** | | |
| 1 | अध्यापकों का ऑनलाइन डाटा संग्रहीत (संकलन) करना | सितम्बर |
| 2 | रिपोर्टस तैयार करना | नवम्बर |
| **4. N.S.S. का ऑनलाइन डाटा संग्रहण (संकलन)** | | |
| 1 | परीक्षार्थियों का ऑन–लाइन संकलित कर डाटा फाइल तैयार करना। | जुलाई/अगस्त |
| 2 | तीन पार्ट स्टेशनरी में विद्यालयवार तथा केन्द्रवार परीक्षार्थियों की नामावली तैयार करना एवं अनुक्रमांक निर्धारित करना। | नवम्बर, प्रथम सप्ताह |
| 3 | केन्द्र/विद्यालयवार/अनुक्रमांक श्रृखला तैयार करना। | नवम्बर |
| 4 | विद्यालय एवं विषयवार संख्या सूचक चक्र तथा केन्द्रवार व प्रश्नपत्रवार संख्या सूचक चक्र तैयार करना। (N.R.) परीक्षार्थियों के प्रवेशपत्र एवं उपस्थिति पत्रक आदि का मुद्रण। | दिसम्बर |

**टिप्पणी:–** 1. मुख्य परीक्षा के परीक्षापूर्व कार्यों की अवधि 6 से 7 सप्ताह है तथा परीक्षोत्तर कार्य की अवधि 30 दिन है।

2- उपर्युक्त सूचियों के अतिरिक्त सामान्यतः निम्नांकित रिर्पोट तथा आवश्यक समझी जाने वाली अन्य रिपोर्ट भी बिना अतिरिक्त चार्ज के देय है।

| क्र0सं0 | विवरण | कार्य |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा पूर्व कार्य | 1. डाटा की चेकलिस्ट एवं करेक्शन की चेकलिस्ट।<br>2. बैचवार समरी रिपोर्ट।<br>3. अपडेट/संशोधन की चेकलिस्ट।<br>4. केन्द्र/विद्यालय सूची की चेकलिस्ट।<br>5. केन्द्र/विद्यालय सूची का अन्तिम मुद्रण।<br>6. नामावली (सिंगिल रन)।<br>7. रोल नम्बर रेंज।<br>8. विद्यालयवार विषय समरी।<br>9. केन्द्रवार संख्या सूचक चक्र संकेतांक सहित एवं प्रश्नपत्र सूची।<br>10.लिखित प्रश्नपत्रों के एवार्ड ब्लैंक।<br>11.प्रयोगात्मक विषयों के एवार्ड ब्लैंक।<br>12.एवार्ड ब्लैंक के सीरियल रेंज (लिखित एवं प्रयोगात्मक)।<br>13.अपडेट नामिनल रोल के मुद्रण व परीक्षा के पूर्व नामावली का संशोधन पंजीकृत परीक्षार्थियों (संस्थागत/व्यक्तिगत/बालक/बालिका) का जनपदवार ऑकड़ा।<br>14.शुल्क विवरण की तालिका संस्थागत विद्यालयवार/कोषागारवार/तिथिवार/नवम्बर तक। |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | परीक्षोत्तर कार्य | 1. एवार्ड की चेकलिस्ट।<br>2. एवार्ड ब्लैंक के अप्राप्त सीरियलों एवं अस्वीकृत सीरियलों की तालिका।<br>3. बैचवार समरी।<br>4. संशोधनों की चेकलिस्ट।<br>5. एडिट/अपडेट सूचियों के अनुसार जे एरर सूची/रिजेक्ट मार्क्स की सूची।<br>6. सारणीयन पूर्व ऑकड़ा (प्रिटैब सांख्यिकी)।<br>7. एडिट की संख्या के अनुसार अपूर्ण परीक्षाफलों की सूची।<br>8. सारणीयन पंजिका।<br>9. परीक्षाफलों की प्रेस सूची जनपदवार परीक्षाफल प्रेस सूची की सी0डी0 आवश्यकतानुसार देनी होगी।<br>10.परीक्षार्थियों की विभिन्न प्रकार की श्रेष्ठता सूचियॉ।<br>11.विषयवार अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की सूची।<br>12.अंक विवरणिका।<br>13.प्रमाण पत्र–सह–अंकपत्र परीक्षार्थी के फोटो के साथ कम्प्यूटर से मुद्रित करना होगा)।<br>14.विभिन्न ऑकड़े–<br>1. विद्यालय ग्रुप/लिंगवार<br>2. ग्रुप/जातिवार<br>i. विषय ग्रेडवार<br>ii. संस्थागत विद्यालय की क्वालिटी वेटेज के अनुसार जनपदवार मेरिट लिस्ट।<br>iii. केन्द्रवार परीक्षाफल एक दृष्टि में<br>15.रोके गये निरस्त किये गये परीक्षाफलों की सूची।<br>16.मुद्रित प्रमाण पत्र–सह–अंकपत्रों की सूची।<br>17.राजकीय/अराजकीय विद्यालयों के बालक/बालिका के ऑकड़े।<br>18.आवश्यकतानुसार वॉछित अन्य रिर्पोट। |

## वित्तीय शर्तें

1– निविदा प्रस्तुत करने के साथ निविदादाता को **अर्नेष्टमनी की धनराशि के रूप में रु0 1,00,000.00 (एक लाख रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल के पक्ष में प्रस्तुत करना पड़ेगा,** नकद धनराशि स्वीकार नहीं की जायेगी।

2– फर्म को कार्य हेतु कोई अग्रिम (Advance) नहीं दिया जायेगा। देय धनराशि का भुगतान निम्नवत् किया जायेगा।

(क). कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) नव प्रवेशी/अपंजीकृत हेतु अग्रिम पंजीकरण के लिये परिषद् द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के पश्चात् सम्बन्धित डाटाबेस को परिशुद्ध रूप में परिषद् को उपलब्ध करा दिये जाने पर संतोषजनक कार्य की स्थिति में देयक का 40% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) नव प्रवेशी/अपंजीकृत छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में विवरण) विद्यालयों से शुद्ध डाटा कलेक्शन कर डाटाबेस से Nominal Roll एवं फोटोयुक्त पंजीकरण कार्ड का मुद्रण कर उन्हें विद्यालयवार परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराने पर अवशेष 60% धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(ख). फर्म के द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) परीक्षार्थियों के ऑनलाइन (परीक्षार्थी का डाटा हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में), परीक्षा आवेदन पत्र के समस्त विवरण से डाटाबेस तैयार कर परिषद् को चैक लिस्ट उपलब्ध कराये जाने पर 30% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

विद्यालयों से प्राप्त संशोधित नामावली को अपडेट करने के उपरान्त परीक्षा पूर्व के समस्त कार्यों यथा नामावली, प्रवेश पत्र (प्रवेश पत्र के पृष्ठ भाग पर परीक्षा कार्यक्रम) डेस्क स्लिप, उपस्थिति पत्रक, सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक प्रश्न पत्रों के परीक्षा केन्द्रवार ओ0एम0आर0 एवार्ड ब्लैंक इत्यादि संतोषजनक मुद्रित कर सम्बन्धित अनुभाग को उपलब्ध करा दिये जाने पर 30% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

विद्यालयों से पुनः प्राप्त संशोधित नामावली को अपडेट करने के उपरान्त परीक्षोत्तर कार्य टी0आर0, अंक विवरणिका, प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र (परीक्षार्थी का डाटा हिन्दी एवं अंग्रेजी के साथ फोटो) मुद्रित (इण्टरमीडिएट– प्रवर्जन प्रमाण पत्र, इन्स्पायर प्रमाण पत्र इत्यादि मुद्रण) करना, एवं उक्त सभी सामग्री को विद्यालयवार पैकिंग कर परिषद् कार्यालय के सम्बन्धित अनुभाग को संतोषजनक रूप से उपलब्ध करा देने पर 40% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

(ग). हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं हेतु अध्यापकों का ऑनलाइन डाटा कलैक्शन कर डाटाबेस तैयार कर डाटाबेस की चैक लिस्ट सम्बन्धित अनुभाग को उपलब्ध करा दिये जाने एवं सम्बन्धित अनुभाग की आख्या के उपरान्त देयक की धनराशि का 40% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं हेतु अध्यापकों का ऑनलाइन डाटा संशोधन कर प्रयोगात्मक/सैद्धान्तिक परीक्षकों की सूची/रिपोर्टस जनपदवार एवं विषयवार सम्बन्धित अनुभाग को यथा समय उपलब्ध कराये जाने तथा संतोषजनक कार्य करने के उपरान्त देयक की 60% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

(घ) एन0एस0एस0 प्रमाणपत्र परीक्षा हेतु ऑनलाइन डाटा कलेक्शन कर डाटाबेस तैयार कर डाटाबेस की चैक लिस्ट सम्बन्धित अनुभाग को उपलब्ध करा दिये जाने एवं सम्बन्धित अनुभाग की आख्या के उपरान्त देयक की धनराशि का 100% धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

**नोटः– यदि परिषद् द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में सुधार परीक्षा करायी जाती है तो फर्म को परिषदीय परीक्षा 2027 हेतु BOQ में दी गयी दरों के आधार पर सुधार परीक्षा का कार्य करना होगा और ऐसी स्थिति में देयकों का भुगतान उक्तवत् बिन्दु : 'ख' के अनुसार किया जायेगा।**

**भुगतान किये गये सभी देयकों पर निर्धारित दर से आयकर एवं आयकर पर सरचार्ज की कटौती नियमानुसार की जायेगी।**

3– संबंधित निविदादाता फर्म को कार्य की स्वीकृति पाने के एक सप्ताह के अन्दर कार्य के कुल मूल्य के दस प्रतिशत के बराबर जमानत धनराशि कार्य सम्पादित करने हेतु जमा करेंगे। स्टाम्प शुल्क हेतु वर्तमान में प्रभावी शासनादेश के अनुसार F.D.R. अथवा बैंक गारन्टी, स्वीकृति पत्र निर्गत होने की तिथि से कम से कम 6 माह तक वैध होना आवश्यक है। परिषद को किसी भी प्रकार से हानि होने की दशा में क्षतिपूर्ति स्वरूप सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित की जाने वाली तथा राज्यपाल को देय किसी भी धनराशि की वसूली उक्त जमानत की धनराशि से की जायेगी तथा उसके प्रति सचिव द्वारा लिखित नोटिस दिये जाने के 15 दिनों के अन्दर फर्म उक्तवत् हुई कमी की पूर्ति करेगा। फर्म को जमानत की धनराशि की वापसी कार्य पूर्णतया सम्पन्न हो जाने के पश्चात् की जायेगी।

# कार्य में प्रयुक्त होने वाली स्टेशनरी का विवरण

| क्र0सं0 | स्टेशनरी का प्रकार | विशिष्टता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | समस्त प्रकार की प्लेन कन्टीन्यूअस स्टेशनरी | 90 GSM, Legal | — |
| 2 | EZR स्टेशनरी | 60 GSM, 15x12 Part 1,2, 3 | — |
| 3 | प्रवेश पत्र | 90 GSM, A4 | एक शीट में दो, (पृष्ठ भाग पर परीक्षा कार्यक्रम का मुद्रण) 10 शीट नमूने के लिये उपलब्ध करानी होगी। |
| 4 | उपस्थिति पत्रक | 90 GSM, Legal | 10 शीट नमूने के लिये उपलब्ध करानी होगी। |
| 5 | डेस्क स्लिप | 90 GSM, A4 | एक शीट में 6, 10 शीट नमूने के लिये उपलब्ध करानी होगी। |
| 6 | इन्सपायर प्रमाण पत्र | 160 GSM, A4 | केवल टॉप 1 परसेटाइल छात्रों के लिये एवं 10% अतिरिक्त प्रि–प्रिंटेड ब्लैंक भी उपलब्ध करानी होगी। |
| 7 | प्रवर्जन प्रमाण पत्र | 140 GSM, A4 | एक शीट में दो, 15% अतिरिक्त प्रि–प्रिटेड ब्लैंक भी उपलब्ध करानी होगी। |
| 8 | ओ0एम0आर0 एवार्ड ब्लैंक एवं एवार्ड ब्लैंक | 100 GSM, A4 | 10 शीट नमूने के लिये उपलब्ध करानी होगी। |
| 9 | पंजीकरण कार्ड | 100 GSM, A4 | एक शीट में चार, 10% अतिरिक्त प्रि–प्रिटेड ब्लैंक भी उपलब्ध करानी होगी। |

नोटः 1- प्रिन्टिंग स्टेशनरी का आर्टवर्क – हाईस्कूल हेतु नीले, इण्टरमीडिएट हेतु लाल एवं पंजीकरण हेतु हरे रंग में होगा।

**2- निविदा के साथ प्रत्येक आइटम के नमूने का एक सैट (निर्धारित विवरण के अनुरुप) अवश्य संलग्न किया जाय। बिना नमूने के निविदा स्वीकार नहीं होगी।** फर्म द्वारा संलग्न नमूनों पर कोई चिन्ह् या विवरण अंकित नहीं किया जायेगा। प्रत्येक नमूने के साथ ट्विन (Twin) तागे से एक स्लिप नत्थी की जायेगी। इस स्लिप पर फर्म का नाम पता अंकित किया जायेगा। नत्थी के स्थान पर तथा तागे की गाँठ पर लाख लगाकर फर्म द्वारा सील लगा दी जायेगी। नमूने एक अलग लिफाफे में रखे जायेंगे जिस पर मोटे अक्षरों में **'नमूनों का लिफाफा'** लिखा जायेगा। **नमूने के इस लिफाफे को तकनीकी सूचना के लिफाफे में रखा जायेगा।**

**3-** जिस आइटम में कार्बन वांछित है, उसमें गुणवत्ता युक्त कार्बन लगाया जाय।

## सामान्य निर्देश

1- फर्म/ठेकेदार को निविदा देने के पूर्व अपनी क्षमता एवं संसाधनों की जॉच कर लेना चाहिए तथा मुख्यतः उस न्यूनतम परीक्षार्थी संख्या का उल्लेख करना चाहिए जिनके पंजीकरण कार्य/परीक्षा कार्य को कुशलता पूर्वक सही एवं बिना किसी त्रुटि के निर्धारित समय सीमा में तैयार करने की क्षमता रखते हैं।

2- फर्म/ठेकेदार छात्रों के रजिस्ट्रेशन कार्य/परीक्षा कार्य को करने हेतु परीक्षार्थियों की न्यूनतम संख्या तथा कार्य सम्पादन की अपनी योग्यता/क्षमता एवं उपलब्ध साधनों का उल्लेख करते हुए निविदा दे सकते हैं।

3- सौंपे गये सभी कार्यों को उनके लिए निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ही पूर्ण करना पड़ेगा।

4- फर्म/ठेकेदार परिषद् द्वारा उपलब्ध कराई गयी स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री का उपयोग सावधानी से तथा उसी कार्य हेतु करेगा जिसके लिए वह उपलब्ध कराई गयी है। उपलब्ध कराई गयी सामग्री का सही ढंग से लेखा–जोखा रखेगा और उसे कार्य समाप्त होने के उपरान्त सचिव को प्रेषित करेगा। प्रयुक्त स्टेशनरी एवं अप्रयुक्त तथा खराब हुई स्टेशनरी परिषद् को लौटा दिये जायेंगे। परिषद् द्वारा प्रदत्त समस्त इनपुट सामग्री अभिलेख भी ठेकेदार नियमित बीजक के साथ वापस करेंगे।

5- अनुदानित कार्य दोषपूर्ण ढंग से किये जाने अथवा निर्धारित स्टेशनरी का प्रयोग न किये जाने की स्थिति में सचिव, उ0वि0शि0प0 के परिज्ञान में आने पर संबंधित फर्म/ठेकेदार को सचिव द्वारा निर्देशित किये जाने पर अपने व्यय पर समुचित स्टेशनरी का प्रयोग करते हुए पुनः कार्य सम्पादित करना होगा।

6- किसी भी वाद हेतु न्यायालयी क्षेत्राधिकार रामनगर (नैनीताल) होगा।

7- निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर प्रकरण निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति या पंच (Arbitrator) को सन्दर्भित कर दिया जायेगा और ऐसे प्रकरण में आर्विट्रेशन एक्ट 1940 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

8- चयनित ठेकेदार को रूपये 100.00 के स्टैम्प पेपर पर अनुबन्ध–पत्र हस्ताक्षरित करना होगा। इस निविदा की सभी शर्तें तथा कार्यादेश दिये जाने के समय उचित समझी गयी अन्य शर्तें भी ठेके की शर्तें होंगी।

9- परिषद द्वारा चयनित फर्मों में से परिषद् की आवश्यकतानुसार ही फर्मों को कार्य आवंटित किया जायेगा।

10- परिषद् द्वारा प्रदत्त किये गये सम्पूर्ण कार्य को सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में सम्पादित कराया जायेगा। सी0सी0टी0वी0 की फुटेज का बैकअप एक वर्ष तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।

11- निविदादाता को ये समस्त सूचनायें **02 जुलाई, 2025** <u>को 05:00 बजे अपराह्न तक</u> **www.uktenders.gov.in पर** अपलोड कर देनी होगी। इस निर्धारित तिथि तथा समय के पश्चात् निविदा/निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।

12- **परिषद् के सचिव बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त/सुधारने या स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।**

13- निविदा में उल्लिखित समस्त नियमों एवं निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें तथा निविदा में मांगी जाने वाली उपर्युक्त समस्त सूचनायें क्रमवार पूरी स्पष्टता के साथ सही–सही दी जायें। सूचनायें अपूर्ण होने/अस्पष्ट होने/गलत होने/अथवा तथ्यों को छिपाये जाने की स्थिति में निविदा बिना कारण बताये निरस्त कर दिया जायेगा।

14- निविदादाता फर्म द्वारा दी गयी किसी भी कार्य की न्यूनतम दरें किसी रुप से कार्य आवंटन की गारन्टी नहीं देती है। परीक्षा सम्बन्धी कार्य को करने की योग्यता, क्षमता, अनुभव एवं फर्म में उपलब्ध श्रमशक्ति संयन्त्र कार्यक्षेत्र की जगह एवं स्थिति का आकलन करने के उपरान्त योग्य पाये जाने वाली फर्मों को ही परिषद द्वारा कार्य आवंटन करने पर विचार किया जायेगा।

15- निविदा खुलने के उपरान्त कोई भी प्रत्यावेदन अथवा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

16- वित्तीय सूचनाओं के अतिरिक्त टेण्डर से सम्बन्धित निम्नांकित **19** तकनीकी सूचनाओं से सम्बन्धित प्रपत्रों को कमबद्ध रुप से उन पर क्रमांक संख्या तथा फर्म की मोहर अंकित करके एवं उन पर निविदादाता के हस्ताक्षर करके उनकी PDF File बनाकर टेण्डर फार्म के साथ निर्धारित तिथि एवं समय **02 जुलाई, 2025** को **05:00** बजे अपराह्न तक **<u>www.uktenders.gov.in</u>** पर से पूर्व अपलोड कर देना होगा।

1. Scan Copy of Tender Fee demand Draft of Rs. 236/- and EMD of Rs. 1,00,000/-.
2. Basic Informations of the Firm (Firms name, address, phone number, branches of Firm if any, email-ID, etc.)
3. Copy of Electricity Bill or Rent Agreement as address proof of the Firm.
4. List of all Hardwares (Computers, Laser Printers, Line Printer, OMR Scanners, ADF Scanners, Servers, UPS and Genrators etc.) and their specifications (maximum in one or two pages).
5. PAN Number.
6. GST Number.
7. TAN Number.
8. Certified copy of Registration Certificate or Certificate of Incorporation of the firm.
9. Company Profile including constituents of Board of Directors. In case of partnership submit the partnership deed.
10. Certified copy of Income Tax Return Certificate of last three year (2022-23, 2023-24, 2024-25 or 2021-22, 2022-23, 2023-24 ).
11. Turn-Over certificate of the Firm for the year (2022-23, 2023-24, 2024-25 or 2021-22, 2022-23, 2023-24) crtified by CA.
12. Audit Balance Sheet of the firm of last three year (2022-23, 2023-24, 2024-25 or 2021-22, 2022-23, 2023-24) certified by CA.
13. Work orders regarding 3 year (2023, 2024, 2025) Pre and Post Examination Proccessing work of average 05 lakh students. Issued by the concerning Institution/Board if any.
14. Works experience certificate for different special jobs metioned in Tender.
15. Acceptance certificate of all the Terms and conditions of the tender mentioned in the Tender Form above.
16. Board resolution for authorized signatory to sign the above tender document.
17. Lists of regular and part time technical staff with their name, designation, technical qualifications and date of appointment and EPF details.
18. Number of CCTV Cameras installed in the firm.
19. M.S.M.E. /I.S.O. Registration certificate (If any).

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

# हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2027

## तकनीकी सूचना (Technical Bid)

| निविदादाता का फोटो स्वयं द्वारा प्रमाणित |
|---|

1- निविदादाता का नाम ..........
फर्म का पता ..........
फोन नं0 कार्यालय ..........मो0न0..........
2- ई–मेल आई0डी0 ..........
3- फर्म के कार्यस्थल का पता ..........
4- फर्म की स्थापना/रजिस्ट्रेशन का माह तथा वर्ष ..........
5- पैन नम्बर ..........
6- गत वर्ष अर्जित लाभ ..........
7- आयकर अदायगी का प्रमाण–पत्र ..........
8- सेवाकर अदायगी का प्रमाण–पत्र ..........
9- जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र..........
10- संगठन का मुख्य व्यवसाय ..........
11- संगठन का दूरभाष/ई मेल/इन्टरनेट सुविधा है अथवा नहीं ..........
12- टेलीफोन, मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई. डी. ..........
13- स्टेशनरी के नमूने का लिफाफा (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) ..........

14- निविदादाता फर्म के रजिस्टर्ड होने के प्रमाण स्वरूप फर्म की निविदा के साथ निविदादाता फर्म को M.S.M.E./N.S.I.C. /S.S.I. /D.I.C. में पंजीकरण की स्थिति (प्रमाण पत्र संलग्न करें) – ..........

15- निविदादाता फर्म के E.S.I.C.(Employee State Insurance Corporation)/P.F.(Provideut Fund) में पंजीकरण की स्थिति (प्रमाण पत्र संलग्न करें।) – ..........
16- डाटा प्रोसेसिंग एवं साफ्टवेयर निर्माण कार्य का अनुभव
17- फर्म का स्वरूप (एकल, संयुक्त, प्राइवेट, पब्लिक लिमिटेड/संस्था) साथ में **स्वामित्व का प्रमाण पत्र एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र** भी संलग्न करें।
18- विगत 03 वर्षो का औसतन टर्न ओवर (पृथक–पृथक औसतन 2 करोड़) तक।
चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
19- आयकर विगत 03 वर्षों का भुगतान सम्बन्धी प्रमाण पत्र (आयकर रिटर्न सम्मिलित किया जाय) ..........

- स्थाई आयकर खाता संख्या (Parmanant Account Number) ..........

20- जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या ..........

- प्रमाण पत्र संलग्न किया जायेगा।

21- **धरोहर राशि/अर्नेष्टमनी (EMD) का विवरण** (भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 जनपद नैनीताल में देय हो)

- बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0 आर0 का विवरण
  दिनांक सहित ..........
- धनराशि अंको में .......... शब्दों में ..........
- बैंक का नाम व शाखा ..........

23- **निविदा प्रपत्र का मूल्य विवरण** (भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 जनपद नैनीताल में देय हो)

- डी0डी0 नम्बर व दिनांक ..........
- धनराशि ..........
- बैंक का नाम व शाखा ..........

24- तकनीकी बिड में संलग्नकों की संख्या ..........................................................................

25- अन्य कोई विवरण ..........................................................................................................................................................

..........................................................................................

मैं ..........................................................मैसर्स ..................................................................................................................

का मालिक / ................................................................ प्रतिशत साझेदार / हिस्सेदार हूँ। इस निविदा की समस्त कार्यवाही को पूर्ण करने एवं समस्त औपचारिकता के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतया सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई सूचनाएँ छिपाई नहीं गई हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिए मैं स्वयं / हमारी फर्म उत्तरदायी रहेगी।

दिनांक ..........................

मालिक / प्रबन्धक के हस्ताक्षर

नाम ........................................................

फर्म की मुहर–

# हाईस्कूल एवं इण्टमीडिएट परीक्षा 2027

## वित्तीय सूचना सूचना (Financal Bid)

निविदादाता का नाम ..........................................................................................................

फर्म का पता ..........................................................................................................

फोन नं0 कार्यालय ..........................................................................................

ई–मेल आई0डी0 ..........................................................................................

(1) अग्रिम पंजीकरण सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन डाटा कलेक्शन, अग्रिम पंजीकरण (Pre Registration class-9th & 10th, परीक्षा कार्य High School- 2027 एवं Intermediate- 2027) हेतु प्रति परीक्षार्थी दरः–

| कार्य का विवरण | Rate Per Candidate in Rs. | | |
|---|---|---|---|
| | GST रहित | GST | GST सहित |
| **A-** वर्ष 2027 की हाईस्कूल परीक्षा में संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के ऑनलाइन (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में विवरण) डाटा कलैक्शन कर डाटाबेस से निम्न कार्य सम्पन्न करना–<br>1- परीक्षा पूर्व स्तर के कार्य – डाटा संकलन, प्रौसेसिंग, नामावली निर्माण (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) एवं मुद्रण, फोटो युक्त प्रवेश पत्र मुद्रण, डेस्क स्लिप, फोटो युक्त उपस्थिति प्रपत्र, सैद्धान्तिक परीक्षा हेतु ओ0एम0आर0 एवार्ड ब्लैक का मुद्रण एवं आपूर्ति तथा अन्य कार्य।<br>2- परीक्षोत्तर कार्य – डाटा प्रौसेसिंग, प्रयोगात्मक/आ0मू0 परीक्षा के अंक ऑन–लाइन संग्रहण का कार्य, टी0आर0 मुद्रण, अंक विवरणिका, प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र (परीक्षार्थी का डाटा हिन्दी एवं अंग्रेजी में एवं फोटो मुद्रित करना) का मुद्रण एवं आपूर्ति तथा अन्य कार्य।<br>3- उक्त सभी सामग्री को विद्यालयवार पैकिंग कर परिषद् कार्यालय के सम्बन्धित अनुभाग को उपलब्ध कराना।<br>(उक्त कार्यो हेतु दरें प्रति परीक्षार्थी अंकित करें) | | | |
| **B-** सत्र 2025-26 के कक्षा–9, 10, 11 एवं 12 में नव प्रवेशी/अपंजीकृत (संस्थागत/व्यक्तिगत) छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में विवरण) डाटा कलैक्शन कर प्राप्त डाटाबेस से Check List/Nominal Roll एवं फोटो युक्त राजिस्ट्रेशन कार्ड मुद्रित करना तथा उक्त समस्त सामग्री को विद्यालयवार पैकिंग कर परिषद् कार्यालय के सम्बन्धित अनुभाग को उपलब्ध कराना।<br>(उक्त कार्यो हेतु दरें प्रति छात्र अंकित करें) | | | |
| **C-** वर्ष 2027 की इण्टरमीडिएट परीक्षा में संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के ऑनलाइन (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में विवरण) डाटा कलैक्शन कर डाटाबेस से निम्न कार्य सम्पन्न करना–<br>1- परीक्षा पूर्व स्तर के कार्य – डाटा संकलन, प्रौसेसिंग, नामावली निर्माण (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) एवं मुद्रण, फोटो युक्त प्रवेश पत्र मुद्रण, डेस्क स्लिप, फोटो युक्त उपस्थिति प्रपत्र, प्रयोगात्मक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा हेतु ओ0एम0आर0 एवार्ड ब्लैक का मुद्रण एवं आपूर्ति तथा अन्य कार्य।<br>2- परीक्षोत्तर कार्य – डाटा प्रौसेसिंग, टी0आर0 मुद्रण, अंक विवरणिका, प्रमाण पत्र–सह–अंकपत्र (परीक्षार्थी का डाटा हिन्दी एवं अंग्रेजी में एवं फोटो मुद्रित करना, समस्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के माइग्रेशन प्रमाण पत्र, टॉप 1 परसेंटाइल छात्रों के इन्सपायर प्रमाण पत्र का मुद्रण एवं आपूर्ति तथा अन्य कार्य।<br>3- उक्त सभी सामग्री को विद्यालयवार पैकिंग कर परिषद् कार्यालय के सम्बन्धित अनुभाग को उपलब्ध कराना।<br>(उक्त कार्यो हेतु दरें प्रति परीक्षार्थी अंकित करें) | | | |
| **D-** वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं हेतु अध्यापकों का डाटा ऑनलाइन करैक्शन के साथ रिपोर्टस तैयार करना दर प्रति अध्यापक। | | | |
| **योग( A+B+C+D)** | | | |

हस्ताक्षर निविदादाता

नोटः— उक्त कार्य के अतिरिक्त फर्म के द्वारा वर्ष **2027** के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के निम्न कार्य भी किये जाने हैं। जिनकी दरें फर्म को अलग से देनी होंगी। जो फर्म उक्त डाटा प्रोसेसिंग आदि का कार्य करेगी उसी फर्म के द्वारा निम्न कार्य निम्न दरों पर करना होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | दर |
|---|---|---|
| 1 | बुकलेट निर्माण 50 पेज | |
| 2 | बुकलेट निर्माण 40 पेज | |
| 3 | संशोधन, द्वितीय (Dupl.) पंजीकरण कार्ड मुद्रण के लिए साफ्टवेयर तैयार करना (2025—26)। | |
| 4 | हाईस्कूल संशोधन, द्वितीय (Dupl.) अंक विवरणिका, प्रमाण पत्र—सह अंक पत्र मुद्रण के लिए साफ्टवेयर तैयार करना (2027)। | |
| 5 | इण्टरमीडिएट संशोधन, द्वितीय (Dupl.) अंक विवरणिका, प्रमाण पत्र—सह अंक पत्र मुद्रण के लिए साफ्टवेयर तैयार करना (2027)। | |
| 6 | एन0एस0एस0 प्रमाण—पत्र परीक्षा का कार्य। | |

हस्ताक्षर निविदादाता—